हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी 2026

04 हत्या को दुर्घटना बना बीमा क्लेम लेना चाहते...



07 स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी...





### सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

## शारीरिक व मानसिक विकास के लिए योग और सूर्य नमस्कार करना आवश्यक : मेवाड़ा





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में सोमवार को स्वामी विवेकानंद जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय नौसेना में पदस्थ राजेश मेवाड़ा थे। अध्यक्षता सहकारी सोसायटी में लिपिक महेंद्रसिंह जोधा ने की। विशेष अतिथि दीपक दासावत अधिवक्ता भेरूसिंह दासावत तथा प्राचार्य ईश्वर सोलंकी प्राचार्य रहे।

मुख्य अतिथि ने भैया बहनों का मार्गदर्शन कर कहा कि हम अपने शरीर से जितना काम लेंगे उतना हमारा शरीर स्वस्थ रहेंगे। शारीरिक मानसिक विकास के लिए योग और सूर्य नमस्कार करना अत्यंत आवश्यक है। दासावत ने भैया बहनों को सामूहिक सूर्य नमस्कार कराया। जिसमें भैया बहिनों सहित अतिथि एवं आचार्य परिवार द्वारा सूर्य नमस्कार किया गया। जोधा द्वारा स्वामी विवेकानंद से परिचय कराते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का स्वभाव चंचल था। कक्षा में प्रत्येक प्रश्न का उत्तर सबसे पहले देते थे। स्वामी विवेकानंद में तीक्ष्ण बुद्धि प्रबल एकाग्रता सहनशीलता नारी सम्मान गुरु सम्मान और दया जैसे महत्वपूर्ण गुण थे। स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 में कोलकाता में हुआ था। उनका बचपन का नाम नरेंद्र था। स्वामी विवेकानंद के गुरु रामकृष्ण परमहंस थे। 4 जुलाई 1902 को मात्र 39 वर्ष की अल्पायु में ही ब्रह्मलीन हो गए। उन्होंने स्वामीजी के जीवन के विभिन्न प्रेरक प्रसंगो के माध्यम से कई व्यवहारिक गुणों को समझाया तथा अपने जीवन में उतारने के कहा।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन





**नलखेड़ा।** स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अतिथि भाजपा जिला मंत्री पवन वेदिया भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रवेश गुप्ता नगर परिषद पार्षद श्रीमति वंदना जायसवाल उपस्थित थे। रेडियो पर प्रसारित पल-प्रतिपल कार्यक्रम के अनुसार सूर्य नमस्कार के 12 आसन एवं प्राणायाम पर विद्यालय की छात्राओं उपस्थित अतिथियों एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने योगाभ्यास किया। अतिथि पवन वेदिया एवं वंदना जायसवाल ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों से उनके उच्च विचारों एवं आदर्शों को जीवन मे आत्मसात करने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी,उप प्राचार्य शांतिलाल राठौर, मुकेश चौरसिया, महेश व्यास, रामगोपाल कुम्भकार, संजय वेदिया, मंगलेश भाटी, ललित वसुनिया, बैजनाथ वर्मा, प्रमोद शर्मा, बाबूलाल शर्मा, रामबाबू सिसौदिया, श्रेष्ठा चौरसिया, ममता पाटीदार, संगीता कटारा, इंदु दुबे, विकास मोदी सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस पर किया सामूहिक सूर्य नमस्कार



**कानड़।** नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार शिक्षक दीपक बोस व अर्जुन झलाया के मार्गदर्शन में किया गया। इससे पूर्व प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा व प्रधानाध्यापक राधेश्याम बरेठा ने स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्राचार्य ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर प्रगणेश दुबे, राजेश बीजापारी, दीपक सेन, मनीष विश्वकर्मा, गौरव चावड़ा, विशाल बरेठा, दीपा दुबे व बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## थाना ग्राउंड में हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सोमवार को थाना ग्राउंड, छावनी आगर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, शासकीय सेवक, शिक्षक - शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में छात्रों ने उपस्थित होकर योगाचार्यों के मार्गदर्शन में सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष निलेश जैन पटेल, पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार, जिपं सदस्य कैलाश मकवाना, अशोक प्रजापत, भैरूसिंह चौहान, डॉ चोपड़ा, जगदीश गवली, करण सिंह यादव, प्रीति जैन, चेतन गवली, राधेश्याम उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, ब्रह्माकुमारी दीदी तथा प्रशासनिक अधिकारी, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, किरण बड़बड़े, एएसपी रविंद्र कुमार बोयत, एसडीओपी मोतीलाल कुशवाह, जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार जाटव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कुशल सिंह डोडवे, यातायात विभाग जगदीश यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में योगाचार्य हरीश श्रीवास्तव एवं रामचंद्र बंदरवाल द्वारा भारत माता का वंदन कर भारतीय संस्कृति, योग एवं सूर्य नमस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म कोलकाता में हुआ तथा उन्होंने शिकागो के धर्म संसद में भारतीय संस्कृति एवं योग का विश्व में प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग से शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक ऊर्जा का विकास होता है। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर युवा अपने सर्वांगीण विकास के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

### तिल एकादशी पर श्रीनाथ जी की हवेली में होगा पाटोत्सव

**नलखेड़ा।** बुधवार को तिल एकादशी के अवसर पर नगर में स्थित प्रसिद्ध श्रीनाथ जी की हवेली श्रीनाथ धाम मंदिर पर पाटोत्सव का आयोजन होगा। बुधवार को श्रीनाथ धाम मंदिर पर सुबह 11.30 बजे से पाटोत्सव अंतर्गत ठाकुर जी की तिलक आरती होगी।



## जनता और किसानों ने मिलकर दिया धरना लोक निर्माण विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**सीहोर।** रविवार को बिलकिसगंज जोड़ चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जनता, व्यापारियों एवं किसानों ने सड़क निर्माण के कारण धूल, प्रदूषण एवं घटिया निर्माण एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से परेशान होकर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में व्यापारी किसान एवं ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए।

धरने में नारे लगाए कि बिलकिसगंज चंदेरी रोड पर धूल उड़ाने बंद करो एवं पी डब्लू दी सीहोर के अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करो। मजबूर दुखी होकर ग्रामीण जनता ने विगत दिनों भोपाल जाकर के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मुख्य सचिव अनुराग जैन को, पीडब्ल्यूडी मंत्री को, डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला को, प्रदूषण बोर्ड को मानव अधिकार आयोग को ज्ञापन देकर सीहोर बिलकिसगंज चंदेरी पर विगत चार पांच महीनों से जो रोड बन रहा है उससे भयंकर प्रदूषण और धूल उड़ने के कारण जनता बीमार हो रही है खांसी की बीमारी हो रही है, साथ जो घटिया निर्माण किया जा रहा है पुराना डामर रोड निकालकर उसमें मिलावट कर घटिया निर्माण किया जा रहा इसको लेकर ज्ञापन भोपाल जाकर ग्रामीणों ने दिया था। इसके बाद भी अधिकारी ने कोई कार्रवाई नहीं की तो आज ग्राम चंदेरी ग्राम ढाबला ग्राम बिलकिसगंज जनता बिलकिसगंज रोड पर धरने पर बैठकर भयंकर प्रदर्शन कर एवं जमकर पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारे लगाए।

## पात्र व्यक्तियों का डोर-टू-डोर जाकर सर्वे करें : कलेक्टर

**नलखेड़ा।** संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत पात्र व्यक्तियों का डोर-टू-डोर जाकर सर्वे कार्य पूर्ण किया जाए। यह निर्देश कलेक्टर प्रीति यादव ने सोमवार को समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा चिन्हित 106 हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सैचुरेशन लाने सर्वे कार्य को गंभीरता से पूर्ण किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रेम नारायण परमार, किरण बड़बड़े, कमल मंडलोई सहित जिले के समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में आगामी 15 जनवरी को मुख्य सचिव द्वारा ली जाने वाली कलेक्टर कॉन्फ्रेंस के दृष्टिगत पिछली कॉन्फ्रेंस के सभी बिंदुओं के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की गई तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही



एयर एम्बुलेंस सेवा की भी समीक्षा की गई। नगर पालिका के पेयजल संबंधी विषयों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी जल स्त्रोतों से नियमित रूप से पानी के सैंपल लेकर परीक्षण कराया जाए तथा परीक्षण उपरांत ही जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जहां कहीं भी पाइपलाइन से संबंधित खुदाई या अन्य कार्य चल रहे हों, वहां क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों का प्राथमिकता से सुधार किया जाए।नगर पालिका को पेयजल से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित नामांतरण, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह की पूर्व तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण गरिमा एवं अनुशासन के साथ आयोजित किया जाए। देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विद्यालयों का चयन कर बेहतर रिहर्सल कराई जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला स्तरीय समारोह निर्धारित समय अनुसार संचालित हों, साउंड क्वालिटी उत्तम रहे तथा मध्यान्ह भोजन व्यवस्था में कोई कमी न हो। अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही भारत पर्व के अवसर पर सभी अधिकारियों को परिवार सहित उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए।

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने 50 से 100 दिवस की लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन विभागों की स्थिति संतोषजनक नहीं पाई गई, उन्हें दो दिवस में सुधार लाने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी गई कि बॉटम रैंकिंग में आने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। बैठक में समग्र आईडी केवाईसी की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत आगर को प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सुकन्या समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्कूलों एवं पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। कलेक्टर ने जिले को समृद्ध बनाने हेतु सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश दिए।

### काइट कार्निवल : लोगों ने पतंग उड़ाने के उत्साह के साथ संगीत और नृत्य का लिया आनंद

## मकर संक्रांति का त्यौहार दूसरों के साथ प्रेम व सेवा बांटने की प्रेरणा देता है : कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मकर संक्रांति का आध्यात्मिक संदेश आत्म-चिंतन, सकारात्मक ऊर्जा के संचार और आंतरिक शुद्धि का है, जो सूर्य के उत्तरायण होने और अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपने विकारों को जलाकर ज्ञान, भक्ति और सद्गुणों को अपनाने, ईश्वरीय सत्ता से जुड़ने, और दूसरों के साथ प्रेम व सेवाभाव बांटने की प्रेरणा देता है, जिससे जीवन में सुख, शांति और समृद्धि आती है। रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी का यह एक दिवसीय मकर संक्रांति काइट कार्निवल का महोत्सव पारिवारिक और सांस्कृतिक है, शहर की सांस्कृतिक पहचान में एक स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ेगा उक्त विचार शहर के कोलीपुरा स्थित एक निजी गार्डन में शहर के इतिहास में पहली बार महानगर की तर्ज पर रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से एक दिवसीय कार्यक्रम में पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। इस मौके पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय, कपिल अग्रवाल, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष नेहा विजयवर्गीय और रेडक्रास सोसाइटी के सचिव विपुल चांडक ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा और नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य का तिलक कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि पंडित श्री मिश्रा ने यहां पर करीब एक एकड़ में बने मैदान पर पतंगबाजी करते हुए लोगों के मध्य पतंग उड़ाई और उसके पश्चात यहां पर लगे 60 से अधिक स्टाल पर पहुंचकर भेंट कर उत्साहवर्धन किया।



### डीजे की धुन पर गरबा और अन्य लोक नृत्यों का आनंद

रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि रविवार को प्रतिभागी और दर्शक डीजे की धुन पर गरबा और अन्य लोक नृत्यों का आनंद लिया जिससे उत्सव का माहौल और रंगीन हो गया, इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खाने-पीने के स्टॉल और अन्य प्रतियोगिताएं भी शामिल की गई थी, शहर भर के 60 से अधिक स्टाल लगाए गए थे। जो पतंग काटता वह मस्ती में झूम उठता, जिसकी पतंग कटती, वह दूसरी पतंग उड़ाकर अपनी हार का बदला लेने की फिराक में जुट जाता। शाम ढलने तक आसमान रंग-बिरंगी पतंगों से पटा हुआ था। उनके जोश में कोई कमी नहीं थी।

### गुब्बारों का भी काफी क्रेज देखने को मिला

डीजे की धुन सुनाई दे रही थी छोटे बच्चों में पतंगों की जगह गुब्बारों का भी काफी क्रेज देखने को मिला। डीजे की धुन पर बज रहे गानों के बीच युवाओं और बच्चों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया। जैसे ही किसी की पतंग कटती तो वो काटा का शोर गूंजता। मकर संक्रांति के पर्व को लेकर घरों में तिल के लड्डू, फीनी, पपड़ी, गजक, चूरमा, बाटी सहित कई प्रकार के व्यंजन बनाए गए।

## भोपाल में 18 जनवरी को होगा अजाक्स का महाआंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अजाक्स संगठन के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष बाबूलाल मालवीय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 18 जनवरी को 11 बजे दशहरा मैदान भोपाल में अपने हक अधिकार ,जैसे एसी, एसटी, ओबीसी के 175000 बैकलांग पदों की पूर्ति, 27 प्रतिशत ओबीसी वालों के 13 प्रतिशत होल्ड को हटाए जाने, पदोन्नति में आरक्षण, सिविल जज 2022 के परीक्षा में एससी /एसटी और ओबीसी के अभ्यर्थियों को जान बूझकर भर्ती प्रक्रिया से बाहर करने के विरुद्ध तथा बैकलॉग पदों को समाप्त करवाने के विरुद्ध, आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना के विरुद्ध, प्रमोशन हुए अधिकारियों को रिवर्ड करना के विरुद्ध, आदि पीआईएल जो कि सुप्रीम कोर्ट में दायर हुआ है। वह दिनांक 21 जनवरी हेयरिंग लगातार इन मुद्दों पर चलने वाली है और आईएएस संतोष वर्मा अजाक्स के प्रांताध्यक्ष के समर्थन में पूरे मध्य प्रदेश से एससी एसटी और ओबीसी की संयुक्त तत्वाधान में 18 जनवरी 2026 को एक दिवसीय महा आंदोलन भोपाल में किया जा रहा है, जिसमें सीहोर जिले के एससी, एसटी व ओबीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

अपील करने वालों में प्रमुख रूप से बंशीलाल धनवाल संभाग अध्यक्ष, बाबूलाल मालवीय कार्यवाहक जिलाध्यक्ष, जगदीश पैठारी, एच.एस. निमजे, दिनेश गेहरवाल, नर्बदा प्रसाद नागेश, कमल मालवीय कवि, एच.सी. जानपुरे, लखनलाल दुगारिया, मनोज दिसावरी, ज्ञानसिंह पचलासिया, डी.के. मेहरा, महेश मालवीय, ओमप्रकाश बड़ोदिया, रामप्रसाद मालवीय, एन.एल. दंगोलिया, अर्जुन सिंह धुर्वे, मनोज मालवीय आदि शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पोरवाल युवा संगठन ने मनाई विवेकानंद जयंती

**देवास।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन देवास द्वारा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महान विचारक एवं राष्ट्रप्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जन्मजयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संगठन पदाधिकारियों एवं युवाओं ने स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा उनके प्रेरणास्रोत मंत्र "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए" को जीवन का आधार बनाकर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति करें। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक राजेंद्र संघवी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक पोरवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, जिला अध्यक्ष अंकित गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश धनोतिया, मीडिया प्रभारी दीपक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे।

### भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज से

**देवास।** शिव शक्ति नगर स्थित जय बाल हनुमान मंदिर में आगामी 13 जनवरी से 19 जनवरी 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अरुण मिश्रा ने बताया कि यह आयोजन श्री श्री 1008 नारायण दास महाराज जी की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर मीरा दीदी माँ के सान्निध्य में संपन्न होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें व्यास पीठ से भागवताचार्य पं. राघवेंद्र प्रसाद जी महाराज (वृंदावन धाम) श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। आयोजन के अंतर्गत 19 जनवरी को हवन एवं यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

### पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर रची पति की हत्या की साजिश

# हत्या को दुर्घटना बना बीमा क्लेम लेना चाहते थे हत्यारे, पुलिस ने फेरा हत्यारों के मंसूबों पर पानी

### पुलिस को गुमराह करने हेतु हत्या की घटना को एक्सीडेंट का रूप देने का किया गया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुलिस ने 08 जनवरी की देर रात शहर में हुई हत्या का सोमवार को खुलासा किया। घटना में हत्यारे राकेश की मौत को सड़क दुर्घटना दिखाकर बीमा क्लेम लेना चाहते थे। पुलिस की छानबीन ने हत्यारों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। दरअसल 08 जनवरी की दरमियानी रात को थाना सिविल लाईन पर सूचना प्राप्त हुई कि नौसराबाद बायपास पशु हाट के पास उज्जैन–देवास बायपास मेन रोड पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश रोड पर पड़ी है। सूचना पर से तत्काल थाना प्रभारी सिविल लाईन मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंचे एवं घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण कर उक्त घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। मृतक की पहचान राकेश मालवीय पिता देवीसिंह मालवीय उम्र 42 साल निवासी सांईनाथ कॉलोनी देवास के रूप में हुई। बाद थाना सिविल लाईन पर मर्ग क्रमांक 03/2026 धारा 194 BNSS का पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ कर मृतक के शव को पी.एम. हेतु जिला अस्पताल देवास भेजा गया। पी.एम. रिपोर्ट की प्राप्ति उपरान्त मर्ग जांच पर से थाना सिविल लाईन पर अपराध क्रमांक 09/2026 धारा 103(1) BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चैक किये गये,जिनमें आरोपियो द्वारा घटना कारित करने उपरान्त भागना कैद हुआ। विश्वसनीय मुखबिर सूचना एवं सीसीटीव्ही फुटैज के आधार पर संदेही मृतक की पत्नी से प्रारंभिक पूछताछ मे मृतक की पत्नी के द्वारा अपने साथी देवेन्द्र एवं अन्य 02 लोगो के साथ पति की हत्या की साजिश रचकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया । तत्पश्चात विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर से घटना में शामिल अन्य तीनों आरोपियो को गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

#### प्रेम प्रसंग के चलते की हत्या

मृतक की पत्नि एवं देवेन्द्र दोनों जिला इंदौर में एक क्लेम एक्सपर्ट वकील के यहां कार्य करते थे जहां मृतक की पत्नि एवं आरोपी देवेन्द्र यादव के मध्य प्रेम प्रसंग होने से,मृतक की पत्नि के द्वारा अपने पति राकेश को रास्ते से हटाकर घटना को एक्सीडेंट दर्शाकर बीमा क्लेम प्राप्त करने की योजना बनाई गई । जिस हेतु आरोपी देवेन्द्र ने अपने मित्र संजय उर्फ संजू (पूर्व में शुजालपुर सिटी अस्पताल की मरचुरी में कार्यरत) एवं उसके भतीजे मनीष उर्फ रोहित को पैसों का लालच देकर शामिल किया। योजना अनुसार दिनांक 08 जनवरी को आरोपीगण इंदौर से देवास आए। मृतक की पत्नि ने अपने पति को बियर में नींद की गोली मिलाकर पिला दी। पति के सो जाने के बाद आरोपी देवेन्द्र एवं संजय उर्फ संजू ने घर में घुसकर ऑपरेशन में उपयोग होने वाली ब्लेड से उसका गला काटकर हत्या कर दी। घटना के बाद मृतक की पत्नि ने खून से सने कपड़े धोकर सबूत मिटाए। इसके पश्चात आरोपी देवेन्द्र एवं संजय मृतक के शव को मृतक की मोटरसाईकिल के बीच में रखकर तीसरे आरोपी मनीष उर्फ रोहित को कार से बुलाया एवं तीनों ने शव को नौसराबाद बायपास पशु हाट के पास उज्जैन–देवास बायपास रोड पर फेंक दिया। घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने के लिए मृतक की मोटरसाईकिल में तोड़फोड़ कर आरोपीगण फरार हो गए, जिन्हे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

#### चार को किया गिरफ्तार

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी देवेन्द्र पिता हटेसिंह यादव उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम नलखेड़ा थाना मधुसूदनगढ़ जिला गुना, हाल निवासी लुनियापुरा थाना रावजी बाजार जिला इंदौर, संजय उर्फ संजू पिता धूलजी वाल्मिकी उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भेसाना थाना बोड़ा जिला राजगढ़, हाल निवासी कृष्णबाग कॉलोनी थाना खजराना जिला इंदौर, मनीष उर्फ रोहित पिता हरीसिंह वाल्मिकी उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भेसाना थाना बोड़ा जिला राजगढ़, हाल निवासी भूरी टेकरी थाना कनाडिया जिला इंदौर और मृतक की पत्नि रीना मालवीय को गिरफ्तार किया है।




#### सराहनीय कार्य

उक्त सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल, उनि पर्वत सिंह परिहार, सउनि राकेश तिवारी, संध्या पांडे, प्रआर पवन पटेल, घनश्याम अर्जने, मप्रआर प्रीति मालवीय, आर अरूण चावड़ा, हितेश कुशवाह, मातादीन, जितेन्द्र सिसौदिया एवं सायबर सेल टीम में प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर की सराहनीय भूमिका रही।

## चाईनीज मांझा बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

### जिलेभर में किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी मकर संक्रांति पर्व के दृष्टिगत आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशन में देवास जिला पुलिस द्वारा राजस्व विभाग के सहयोग से जिलेभर में चाईनीज मांझा के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिला अंतर्गत सभी थाना क्षेत्र में पतंग एवं पतंग उड़ाने के मांझे का विक्रय करने वाली दुकानों पर संयुक्त चेकिंग की गई। जांच के दौरान फिलहाल किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित चाईनीज मांझा नहीं पाया गया है।देवास पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि चाईनीज मांझा का विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यदि कोई दुकानदार अथवा व्यक्ति चाईनीज मांझा बेचते, रखते या उपयोग करते पाया गया, तो उसके विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।ऐसे मामलों में सामग्री की जब्ती, दुकान सील करना, लाइसेंस निरस्तीकरण तथा दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि चाईनीज मांझा मानव जीवन, बच्चों, वाहन चालकों एवं पक्षियों के लिए अत्यंत घातक है और इससे गंभीर दुर्घटनाएं एवं मृत्यु तक हो सकती है। अतः आमजन से अपील है कि वे चाईनीज मांझा न खरीदें, न बेचें और न ही उपयोग करें। देवास पुलिस द्वारा मकर संक्रांति पर्व के दौरान एवं इसके पश्चात भी जिलेभर में निरंतर निगरानी, सघन चेकिंग एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

### मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के नाम पर की महज वेतन वृद्धि पर रोक

**देवास।** नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे ने नगर परिषद सोनकच्छ में मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में अनियमितता पाये जाने पर 3 उपयंत्रियों सहित संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के नाम पर महज वेतन वृद्धि पर रोक लगाई गई है।आयुक्त भोंडवे के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के अंतर्गत पाईपलाइन के कार्य में अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत को सही पाये जाने पर उपयंत्री शिवानी गर्ग और ओमप्रकाश द्विवेदी की वेतनवृद्धियां साथ ही उपयंत्री शशांक शाह की 2 वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोकी गई है। इसके अतिरिक्त तत्कालीन सीएमओ सी.एल. कैथल की एक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से तथा मोहम्मद अशफाक खान एवं रवि भट्ट की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

## शिक्षण संस्थाओं और महाविद्यालयों में हुआ सूर्य नमस्कार





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौरासा

स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर सम्पूर्ण जिले की शिक्षण संस्थाओं और महाविद्यालयों में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया। जिला मुख्यालय पर सामूहिक सूर्य नमस्कार उत्कृष्ट स्कूल देवास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का सामूहिक गान हुआ। रेडियो के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रिकार्डेड संदेश सुनाया गया तथा सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। कार्यक्रम में एक साथ एक संदेश पर सामूहिक सूर्य नमस्कार प्रार्थना मुद्राएं, अनुलोम, विलोम एवं भ्रामरी की मुद्रा आदि क्रियाएं की गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद के स्मरणों को भी सुनाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती सहित अन्य अधिकारीगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

#### भौरासा में किया सूर्य नमस्कार

**भौंरासा।** नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौंरासा में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देश के अनुक्रम में सामूहिक सूर्य नमस्कार 12 जनवरी के आयोजन हेतु निर्देश प्रसारित किए गए थे जिसके परिपालन में भौंरासा नगर के विभिन्न विद्यालयों, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, अतिथि उपाध्यक्ष जय सिंह राणा एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा व समस्त शिक्षक एवं बच्चों के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र चौधरी, मनीष लाहोटी, गणेश गिरि गोस्वामी , योग शिक्षक नरेंद्र सिंह परमार एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

## उज्जैन रोड-नागूखेड़ी मार्ग चौड़ीकरण कार्य का विधायक ने किया शुभारंभ, आरओबी भी होगा चौड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बहुप्रतीक्षित रोड़ उज्जैन रोड़-नागुखेड़ी मार्ग के निर्माण कार्य का सोमवार शाम स्थानीय विधायक गायत्री राजे पवार की उपस्थिति में शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विधायक पवार ने सड़क निर्माण में लगने वाली मशीनों का पूजन कर मार्ग चौड़ीकरण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर महापौर गीता अग्रवाल, निगम सभापति रवि जैन,भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, निगम सत्तापक्ष पार्षद मनीष सेन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल सहित स्थानीय पार्षद जनप्रतिनिधि नेता गण मौजूद रहे।शुभारंभ के साथ ही उज्जैन तिराहा से नागूखेड़ी तक का लगभग 4 किलोमीटर लंबा मार्ग 40 मीटर चौड़ाई में बनना शुरू हो गया है। सड़क का निर्माण सेंटर से दोनों ओर 20-20 मीटर की चौड़ाई में होगा।शुभारंभ के साथ लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से उज्जैन तिराहा से नागुखेड़ी तक फोर लेन चौड़ीकरण, सर्विस रोड और टू-लेन रेलवे ओवरब्रिज का काम शुरू हो गया है, जिससे



यातायात सुगम होगा और देवास के औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर विधायक पवार ने कहा किइस रोड़ को चौड़ा करने की बहुत लंबे से मांग की जा रही थी, माननीय मुख्यमंत्री जी ने सिंहस्थ के बजट में से 100 करोड़ रुपए देकर इसे स्वीकृत किया है। आज मशीनों की पूजा करके निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया गया है। आगामी एक वर्ष में यह सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। सीसी रोड बनने के साथ सेंट्रल लाइटिंग, डिवाइडर, सर्विस लेन से सुसज्जित रोड़ बनाया जाएगा। सड़क 49 करोड़ से बनेगी। साथ ही शेष राशि से बने हुए रेलवे ओवर ब्रिज के पास एक अन्य आरओबी का निर्माण सेतु निगम द्वारा किया जाएगा।

### मार्च पास्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ

# स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत: सांसद सोलंकी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

फिटनेस को बढ़ावा देने एवं स्थानीय खेल प्रतिभाओं की पहचान करने के उद्देश्य से देवास विधानसभा में दो दिवसीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन देवास-शाजापुर सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में किया जा रहा है। सोमवार को सांसद खेल महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ सयाजी द्वार से खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट निकाला, जो नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ ओलंपिक खेल मैदान पर पहुंचा। तिरंगे गुब्बारे आसमान में उड़ाकर खेल महोत्सव की शुरुआत की गई। शुभारम्भ कार्यक्रम में राधाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल एवं चिमनाबाई हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने रस्साकशी, वॉलीबॉल एवं 100 मीटर दौड़ की शुरुआत करवाई। सांसद खेल महोत्सव के शुभारम्भ कार्यक्रम में सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने राष्ट्रीय युवा दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद सभी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस वजह से देवास में सांसद खेल महोत्सव के शुभारम्भ 12 जनवरी से किया जा रहा है। युवाओं में वायु जैसी गति और सामर्थ्य होता हैं। सांसद खेल महोत्सव केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि खेल के माध्यम से समाज के हर वर्ग को जोड़ने की पहल बनकर सामने आएगी। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी हमारे जीवन का अंग है। खेल हमेशा टीम भावना को जन्म देता है। खेल से प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है और यहीं प्रतिस्पर्धा की भावना हमें जीवन में बढ़ने में मदद करती है। जिले के लिए गर्व की बात है कि चार खिलाड़ी एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस में चयनित हुए है। खिलाडियों ने अलग-अलग विधा में प्रदेश और देश में देवास जिले का नाम रोशन किया है। एसपी पुनीत गेहलोद ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों का बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी प्रत्येक विधा में पूर्ण क्षमता से भाग लें और खेल भावना से आगे बड़े। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की ऊर्जा जीवन के हर क्षेत्र में काम आती है। सांसद खेल महोत्सव में सभी शासकीय एवं अशासकीय तथा सीबीएसई विद्यालयों के खिलाड़ी शामिल हो रहे है। सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता पायोनियर पब्लिक स्कूल में, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, रस्सा कसी, सॉफ्टबॉल, एथलेटिक्स एवं सॉफ्टबॉल की प्रतियोगिताएं ओलंपिक मैदान पर, फुटबॉल सेंट थॉम स्कूल, बैडमिंटन एवं बास्केटबॉल कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में होगी। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी एवं प्रीति पवार ने किया। आभार विश्व मित्र अवॉर्डी सुदेश सांगते ने माना। कार्यक्रम में एएसपी जयवीर सिंह भदोरिया, एडीएम शोभाराम सोलंकी, जिला खेल अधिकारी सेना गाडरिया, जिला शिक्षा अधिकारी हरिसिंह भारती, सॉफ्ट टेनिस जिला अध्यक्ष महेश चौहान, राहुल पडियार, चंद्रेश हलानी, दिलीप जाधव, हेमेंद्र निगम सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने वाटर फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोमवार को नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी व उपाध्यक्ष जयसिंह राणा ने जलप्रदाय दरोगा रूप सिंह मालवीय के साथ नगर की पेयजल व्यवस्था हेतु जलस्त्रोतों, पानी की टंकियों और उनसे जुड़ी पाइप लाइनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण इंदौर के भागीरथपुरा में घटित घटना को देखते हुए किया गया। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि कहीं भी पेयजल पाइप लाइन दूषित जल या अन्य असुरक्षित स्त्रोतों के संपर्क में न हो जहां संभावित जोखिम पाए गए है, वहां तत्काल सुधार और आवश्यक मरम्मत के निर्देश दिए गए है। नगर परिषद व प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जल की गुणवत्ता और नागरिकों की स्वास्थ्य की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर परिषद अध्यक्ष जोशी ने कहा कि नागरिकों का स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी पानी के रंग, गंध या स्वाद में बदलाव व पाइपलाइन में लीकेज जैसी कोई भी असामान्य स्थिति दिखाई दे, तो तुरंत नगर परिषद को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। वही नगर के लोगों से अपील की गई है कि सभी लोग अपने-अपने नलों में टोटियां लगाकर रखें जिससे नलों के माध्यम से गंदा पानी पाइप लाइन में न जाए।

खबर संक्षेप



## फार्मा पार्क का निरीक्षण किया, पौधे रोपे

**ललितपुर।** सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने हेतु मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा विजय किरन आनंद द्वारा फार्मा पार्क की समीक्षा एवं स्थल निरीक्षण कर वहां पौधरोपण किया गया। इस दौरान मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा कार्यो को गुणवत्तापूर्वक ससमय पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित विभागो को निर्देशित किया। भारत सरकार की संस्था राईट्स लिमिटेड को प्रत्येक माह कार्यो की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। जनमानस तथा स्थानीय युवाओं को ध्यान में रखते हुऐ कौशल विकास केन्द्र में प्रशिक्षण दिये जाने हेतु संबंधित शिक्षण संस्थानों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त फार्मा पार्क को रेल मार्ग एवं हवाई मार्ग से जोडने हेतु संबंधित विभागो से समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, महाप्रबन्धक पी.के.कौशिक, क्षेत्रीय प्रबन्धक संदीप कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक सत्यपाल, उपजिलाधिकारी मड़ावरा व महरौनी, एवं लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम (ग्रामीण) आदि के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस पर सहकार भारती का आयोजन

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम रजवारा में सहकार भारती उ.प्र. के 48 वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ स्वामी विवेकानंद जयंती भी मनाई गई। अतिथि के रूप में सहकार भारती विभाग संयोजक झांसी विभाग अंचल अरजरिया, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेंद्र गोस्वामी, डी.सी.एफ.डी. अध्यक्ष झांसी ललितपुर बसंती लारिया, प्रकोष्ठ प्रमुख सहकार भारती डीसीबी सुरेश यादव, सुरेंद्र पस्तोर प्रदेश सह एफपीओ प्रकोष्ठ प्रमुख, अविनाश दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला महामंत्री कुंजबिहारी शर्मा, धर्मेसिंह कुशवाहा, मथुरा प्रसाद सोनी, शुभम जैन, रामनिवास नामदेव, अवधेश नामदेव, कृष शर्मा, महेंद्र नामदेव, महेंद्र कुशवाहा, सत्यम सिंघई, रिया पटेल, रवि पाराशर, दीपक शुक्ला, सुनील जैन, रवि जैन, दीप्ति राजे, सावित्री, रामकली, गुड़िया राजा, कमला, विमला, अर्चना, शिवानी, शालिनी, किरन, सविता, सोना, पूजा, पुष्पा, राजकुमारी, पुष्पा, चमेली, सीमा, लाडो, चांदनी, अंकिता, पूजा, वंदना, खुशी, रश्मि, सुनीता देवी, पूजा देवी, प्रदीप बाजपेई, राजेश साहू आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विभूतिभूषण चौरसिया एवं संचालन जिला सह संगठन प्रमुख दिनेश कुमार नायक ने किया।

## सफाई कर्मचारी संघ का निर्वाचन आज

**ललितपुर।** उ.प्र. पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विवेक सिंह व महामंत्री जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया कि संघ की जनपद शाखा ललितपुर का चुनाव/ अधिवेशन की जानकारी दी है। बताया कि उ.प्र.पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रान्तीय पत्र संख्या-304/ग्रा.स./ संघ-चुनाव/ 2025-26 दिनांक 3 जनवरी 2026 के क्रम में उ.प्र. शासन से मान्यता प्राप्त संघ जनपद का कार्यकाल समाप्त होने के उपरान्त सेवा संघ मान्यता नियमावली 1979 तथा संघ बॉयलॉज के अनुसार प्रान्तीय संघ द्वारा जनपद ललितपुर का चुनाव/ अधिवेशन 13 जनवरी को नामांकन तथा 22 जनवरी 2026 को मतदान कराये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी का हवाला देते हुये उन्होंने चुनाव कार्यक्रम को लेकर बताया कि 13 जनवरी को नामाकंन सुबह 10 से 11 बजे तक किया जायेगा। नामाकंन वापस उसी दिवस में सुबह 11 से 12 बजे तक एवं नामाकंन उपरान्त निर्वाचन के लिए चुनाव चिह्न का आवंटन 12 से अपराह्न 1 बजे तक किया जायेगा। तदोपरान्त डीपीआरओ कार्यालय सभागार में सभी चुनावी प्रक्रियाएं सम्पादित की जायेंगी।

### कचहरी परिसर में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

# स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे: लोधी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

कचहरी परिसर में आध्यात्मिक गुरु और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने स्वामी के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अधिवक्ता हरदयाल लोधी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद केवल एक संन्यासी नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता थे। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने 19वीं सदी में थे। उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का उनका मंत्र आज के युवाओं और अधिवक्ताओं के लिए ऊर्जा का स्त्रोत है। अधिवक्ता शशिकांत लोधी ने कहा कि समाज के उत्थान के लिए बौद्धिक शक्ति और नैतिकता का होना आवश्यक है, जो स्वामी जी के दर्शन का मुख्य आधार था। युवा अधिवक्ता कमलेश लोधी ने युवाओं से अपील की कि वे अपनी ऊर्जा का सही दिशा में उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस दौरान कचहरी हरदयाल सिंह लोधी एड, महेंद्र कुमार पाराशर एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., शशिकांत सिंह लोधी एड., जानकी प्रसाद बौद्ध एड., रवि श्रीवास्तव एड., अजय राजपूत एड., देवसिंह राजपूत, कमलेश लोधी एड., शेरसिंह यादव एड., शैलेन्द्र सिंह लोधी, विकास झा एड., आकाश झा एड., अनुराग लोधी एड., गजराम लोधी, रानू विदुआ एड., भूपेंद्रसिंह यादव एड., दीपक सिंह एड. समेत कई अन्य अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिन्होंने स्वामी के जीवन प्रसंगों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एकजुट होकर समाज सेवा और न्याय की रक्षा का संकल्प लिया।

### स्वामी विवेकानन्द की जयंती मनाई गई

ललितपुर। श्रीविवेकानंद स्वामी जयंती के अवसर पर युवा अधिवक्ता संघ उ.प्र. द्वारा कचहरी परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जयंती मनाई। कचहरी परिसर में युवा अधिवक्ता संघ द्वारा उनके जीवन के बारे में अपने विचार व्यक्त कर उनके द्वारा किया गए कार्यों का व्याख्यान कर उनके बताए गए नियमों को अपने जीवन में उतार कर जीवन को सफल बनाने की घोषणा की। जयंती समारोह में युवा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पवन कुमार तिवारी एड. ने कहा कि स्वामी विवेकानंद अपने आप में परिपूर्ण व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे और उनके द्वारा विदेश में भारत का सम्मान बढ़ाया। एक अलग पहचान बनाई वह हमेशा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत एवं मार्गदर्शन रहे हैं। ऐसे व्यक्तित्व के धनी श्रीविवेकानंदजी को सादर नमन करते हुए उन्हें चित्र उनके माल्यार्पण किया। वक्ताओं द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनकी जयंती मनाई। इस दौरान विजय कुमार सिंह, त्रिलोकी स्वरूप पटैरिया, वेदप्रकाश राय, संजय कुमार, विवेक श्रीवास्तव, मनोज खटीक, अजय साहू, कुलदीप श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, प्रदीप पाराशर, बलराम राजपूत, कृपाल राजपूत, आकाश यादव, दर्शन, पुष्पेंद्र गोस्वामी, रमाकांत साहू, आशीष शर्मा, नरेंद्र मौर्य, भारती कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, राकेश रजक, विष्णु प्रताप सिंह, रमेश कुशवाहा, अशोक विश्वकर्मा, जयंत यादव, हीरालाल, वसीम राजा, अनिल यादव, रविशंकर तिवारी, मुकेश साहू, हनुमत सिंह, मधुसूदन श्रीवास्तव, दर्शन बडोनिया, आशीष शर्मा, भगतसिंह पटेल, विनोद पटेल, मनीष सेन, धर्मेंद्र रजक, सौरभ शर्मा, रामप्रताप सिंह मौजूद रहे। संचालन विजय कुमार एड. ने किया।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर कराया गया योगाभ्यास



ललितपुर। चंद्रशेखर आजाद पार्क योग कक्षा में पतंजलि युवा भारत योग समिति, भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, किसान पंचायत व सैडो पॉवर ग्रुप के तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई, जिसमें सर्वप्रथम भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी अरविंद कुमार एवं युवा भारत के मंडल प्रभारी योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। योगाचार्य मुकेश साहू एड. द्वारा सभी योग साधकों को योगाभ्यास कराया। अरविंद कुमार ने बताया कि स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के बताए गये कार्यों को कर रहे हैं। योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी ने बताया कि स्वामी के बताया गए मार्ग चलना चाहिए। हमें नशा मुक्त भारत बनाना है देश के युवाओं को योग से जुडना चाहिए। योगाचार्य मुकेश साहू एड. ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन 12 जनवरी को युवा दिवस के रूप में मनाते हैं। स्वामी का जन्म 1863 कोलकाता पश्चिम बंगाल में हुआ था उनके पिताजी का नाम विश्वनाथ दत्त था एवं माता जी का नाम भुवनेश्वरी देवी था। उनके गुरू रामकृष्ण परमहंस थे। रामकृष्ण मठ व रामकृष्ण मिशन की स्थापना भी इनके द्वारा की गई। इनकी मृत्यु 04 जुलाई 1902 में बेंगलूर पश्चिम बंगाल भारत में हो गई थी। युवा भारत के सह प्रभारी रामकिशोर विश्वकर्मा ने स्वामि जी के कथन को याद दिलाया उठो जागो तब तक नहीं रुको जब तक आपको लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। युवा भारत के कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र जैन ने बताया कि स्थान चंद्रशेखर आजाद पार्क में प्रतिदिन योग कक्षा सुबह 6 से 8 बजे तक संचालित होती है। इस दौरान श्यामलाल साहू, अरविंद कुमार जैन, योगाचार्य अनुराग चतुर्वेदी, योगाचार्य मुकेश साहू एड., रामकिशोर विश्वकर्मा, सुरेन्द्र जैन, मनोज झा, अक्षय गौतम एड., फूलसिंह अमीन, राजेंद्र कुमार उदैनिया, प्रमोद बबेले, विकास जैन, मनीष सिंह, प्रमोद पांडे, संजय अहिरवार, उत्कर्ष मिश्रा, शैलेन्द्र साहू आदि उपस्थित रहे।

### 1402 को बोर्ड ने किया खारिज

# बोर्ड बैठक में विकास कार्यों के विभिन्न प्रस्ताव पास



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में पालिका की बोर्ड बैठक नपाध्यक्ष सोनाली जैन की अध्यक्षता, पार्षदों व ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा की उपस्थिति सम्पन्न हुई। इस दौरान नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष की प्रथम बोर्ड बैठक में समस्त पार्षदों व ईओ ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया गया। बोर्ड बैठक के दौरान कार्यालय अधीक्षक/कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा प्रस्ताव सं.-1360 से लेकर प्रस्ताव सं.-1592 तक प्रस्तावों को बोर्ड के समक्ष रखा। जिसमें से बोर्ड प्रस्ताव सं. 1402 जो कि वार्ड नं. 22 मु.नदीपुरा में मछली मार्केट में टीनशैड, बाउण्ड्रीबाल व मरम्मत कार्य को बोर्ड द्वारा निरस्त किया गया, इसके अलावा अन्य सभी प्रस्तावों पर बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। बोर्ड बैठक में पार्षद सोनसिंह यादव, मिथलेश कुशवाहा, मोहिनी दरौनिया, पुष्पा राजा, जानकी प्रसाद, रजनी रजक, उदयप्रताप यादव, अशोक कुमार पंथ, अफजुल रहमान, मो.मुस्तफा खां, दीपा कुशवाहा, सविता कुशवाहा, पूजा यादव, मनमोहन चौबे एड., शिवानी कुशवाहा, कुन्दन पाल, आलोक कुमार जैन मयूर, कीर्ति नायक, जगदीश यादव, रामकिंकर पटैरिया, मो.अब्दुल वारी, फरजाना बानो, रमेश कुमार उर्फ गांधी, धर्मवीर कुशवाहा, गिरीश पाठक आदि मौजूद रहे।

### 150 एविल इंजेक्शन जब्त किए, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज :विदिशा। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ विदिशा पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने 10 जनवरी को मेडिकल कॉलेज के पीछे छापा मारकर 150 नग अवैध एविल इंजेक्शन जब्त किए। इस कार्रवाई के दौरान 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया, मरीजों को फल बांटे



**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा वायनाड से सांसद एवं कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी का जन्मदिन सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष डा. दयाराम रजक के नेतृत्व जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने कहा कि प्रियंका गांधी का जीवन संघर्ष, सेवा और आम जनता के अधिकारों के लिए समर्पित है। उनके जन्मदिन को जनसेवा के रूप में मनाकर कांग्रेस पार्टी ने मानवीय मूल्यों और सामाजिक सरोकारों का संदेश दिया। इस दौरान मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, नगर अध्यक्ष रामनरेश दुबे, मु.इमरान, रफीक अली, जावेद किरमानी, सुशील रजक, प्रेमशंकर गुप्ता उपस्थित रहे। प्रियंका की दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। जिला महासचिव मु.इमरान ने सभी का आभार जताया।

# बस ने ट्रक को मारी टक्कर, आधा दर्जन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर




सोमवार सुबह हाईवे पर एक तेज रफ्तार बस ने आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बस में सवार दस से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

घायलों में से एक की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी रेफर किया गया है। यह घटना सुबह उस समय हुई जब सागर से ग्वालियर जा रही बस (यूपी 94 ए टी 0271) ललितपुर बस स्टैंड से लगभग 40 यात्रियों को लेकर झांसी के लिए रवाना हुई थी। बस हाईवे पर ग्राम रोड़ा और अमरपुर मंडी के बीच बिजोरिया नाले के पास पहुंची ही थी कि उसने आगे जा रहे ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घायल यात्रियों ने बताया कि बस बहुत तेज रफ्तार में थी। उन्होंने चालक को धीमी गति से बस चलाने के लिए कहा भी था, लेकिन उसने किसी की बात नहीं सुनी। घायल फूल सिंह ने जानकारी दी कि बस चालक लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बस चला रहा था और ट्रक से टकराने से पहले उसने एक टैक्सी को भी बाल-बाल बचाया था। घायलों में मंजीत (40) निवासी नेहरू नगर, नितेश साहू (40) निवासी सरायपुरा, महेश (40) निवासी निवाई, फूल सिंह (62) निवासी बंदेशरा, नीमा पत्नी रामसिंह (42), रामसिंह (52) निवासी छायन जिला सागर (मध्य प्रदेश), ऋषभ(25) निवासी गोविंद नगर, रामप्रकाश (60) निवासी तालाबपुरा और राजकुमार (35) निवासी तालाबपुरा शामिल हैं। सागर निवासी रामसिंह की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### लायंस क्लबों का संयुक्त अधिष्ठापन

# सेवा, संगठन और नेतृत्व का सशक्त प्रतीक: सराफ




ललितपुर। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के तत्वावधान में सहज संगम नामक संयुक्त अधिष्ठापन समारोह एवं नववर्ष 2026 स्वागत कार्यक्रम बुन्देलखण्ड हॉली-डे होम बंदरगुढा जाखलौन में गरिमामय, अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ रहे। वहीं डिस्ट्रिक्ट की फर्स्ट लेडी लायन सुनीता सराफ की भी विशिष्ट उपस्थिति रही। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने अधिष्ठापन अधिकारी के रूप में सभी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं निदेशक मंडल को शपथ दिलाकर विधिवत अधिष्ठापन सम्पन्न कराया। इस दौरान प्रथम उप-डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन शरद अग्निहोत्री द्वारा नए सदस्यों को औपचारिक रूप से सदस्यता ग्रहण कराई गई तथा उन्हें लायनवाद की शपथ दिलाई गई। इस दौरान जिले के 11 लायंस क्लबों लायंस क्लब ललितपुर सेवा, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर, लायंस क्लब ललितपुर हेल्पिंग हैंड, लायंस क्लब ललितपुर गौरव, लायंस क्लब ललितपुर गर्व, लायंस क्लब ललितपुर अमृत, लायंस क्लब ललितपुर बुंदेलखंड, लायंस क्लब ललितपुर मेन, लायंस क्लब ललितपुर यूनाइटेड, लायंस क्लब ललितपुर यूनिक एवं लायंस क्लब बंसी संगम का संयुक्त अधिष्ठापन किया गया। क्लबों के अध्यक्ष, रीजन, को-रीजन एवं जोन पदाधिकारी ने मंच की शोभा बढ़ायी एवं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी क्लब अध्यक्षों को मल्टीपल 321 प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त लायन एम.पी. सिंह बुंदेला, लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर एवं लायंस क्लब ललितपुर गौरव को लायंस इंटरनेशनल अध्यक्ष प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कई लायंस सदस्यों को वर्षों की निरंतर एवं समर्पित सेवा के लिए लायंस इंटरनेशनल द्वारा प्रदत्त शेवरॉन (दीर्घ सेवा) सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान डिस्ट्रिक्ट 321-बी2 के अंतर्गत कार्यरत सभी लायंस क्लबों द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की भी सराहना की गई। क्लबों द्वारा आरओ वाटर कूलर की स्थापना, अस्पताल उपकरण बैंक, फूड वैन का निर्माण, मेडिकल कॉलेज में रैन बसेरा (रैनवासेरा) का संचालन, क्रिकेट टूर्नामेंट, साथ ही रक्तदान, कम्बल वितरण एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों के आयोजन जैसे कार्यों को समाजोपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ ने कहा कि सहज संगम केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संगठन और नेतृत्व की साझा सोच है। जब क्लब एकजुट होकर कार्य करते हैं, तभी सेवा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचती है। भोजन वितरण, फूड पैकेट तथा जरूरतमंद महिलाओं एवं परिवारों की सहायता जैसे सेवा कार्यों पर भी चर्चा की गई।

# खंगार क्षत्रिय समाज मनाएगी महारानी मणिमाला जौहर दिवस



मड़ावरा (ललितपुर)। कस्बा के ग्राम बीर बानपुर में स्थापित खंगार समाज के वंशज महाराजा खेत सिंह खँगार जू देव परिसर में 29 जनवरी को होने वाले ऐतिहासिक महारानी मणिमाला जौहर दिवस कार्यक्रम मनाये जाने को लेकर खंगार समाज द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी प्रदेश सचिव मेघनाथ खंगार द्वारा की गई। कार्यक्रम को भव्यता के साथ मनाये जाने को लेकर रूप रेखा तय कर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि महारानी मणिमाला जौहर की परंपरा को बनाए रखते हुए इस वर्ष भी कार्यक्रम श्रद्धा एवं सम्मान के साथ आयोजित किया जायेगा, जिसमें प्रदेश स्तर से लेकर अन्य राज्यों से खंगार समाज के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों व्यवस्थाओं एवं जिम्मेदारियों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सपा प्रदेश सचिव मेघनाथ सिंह खंगार, अतिथि रामसिंह खंगार, त्रिलोक खंगार, भैयन खंगार प्रधान छपरट, एड महेश परिहार धवा, सुहेलदेव पार्टी जिलाध्यक्ष तेजसिंह परिहार, सन्तोष परिहार, मुकेश परिहार, जितेंद्र परिहार, बलवीर परिहार, विजय परिहार, जगराम परिहार, केहर परिहार, हाकिम परिहार, सुनील परिहार, दिनेश, प्रमोद, ताराचंद परिहार, सीताराम परिहार, खुमान, भानसिंह परिहार, मीडिया प्रभारी प्रकाश खंगार पीसी मड़ावरा समेत सैकड़ों की संख्या में स्वजातीय बंधु मौजूद रहे।

# मिशन का 30वां स्थापना दिवस मनाया



ललितपुर। सेवा साधना और सम्बोधि को समर्पित दिव्य प्रेम सेवा मिशन कानपुर अंचल की ललितपुर शाखा का तीसवां स्थापना दिवस वेदपाठी कर्मकांडी संस्कृत वटुक विद्यार्थियों के सानिध्य में वेद मंत्रोचारण के बीच मन्दिर के सुरभ्य प्रांगण में मनाया गया जिसमें सहभोज भी हुआ। इस दौरान दिव्य प्रेम सेवा मिशन जिला संयोजक बब्बू राजा ने बताया कि दिव्य प्रेम सेवा मिशन की स्थापना आज से तीस बर्ष पूर्व आशीष ने हरिद्वार में की थी जो दीन दुखियों की सेवार्थ समर्पित है। सबसे ज्यादा कोढ़ी व्यक्तियों के लिए आश्रम की व्यवस्था है। इसके अलावा अन्य दीन दुखियों की सेवा की व्यवस्था यह मिशन करता है। कोढ़ होने के बाद जो व्यक्ति अपने परिवार और समाज से एक तरह से बहिस्कृत से हो जाते हैं, आश्रम में उनकी घर की तरह सेवा होती है। उनके बच्चों को पढ़ाने की इतनी अच्छी व्यवस्था है कि कई बच्चे केन्द्र और राज्य सरकार के में बड़े बड़े अधिकारी तक वन गये हैं। ललितपुर में भी दिव्य प्रेम सेवा मिशन की शाखा लगातार समाजसेवा के प्रयास करती रहती है। इस दौरान पं.कमलेश शास्त्री ने सेवा को धर्म मानने के बिषय पर शास्त्रीय उद्धरण देकर व्याख्या की। कार्यक्रम में प्रदीप चौबे, राजीव बबेले सप्पू, बंशीधर श्रीवास, देवेन्द्र गुरु, निखिल तिवारी, डा.दीपक चौबे, मनीष अग्रवाल, अनुराग जैन शैलू, ध्रुवसिंह सिसौदिया, किंजल्क हुण्डैत, दीपक पाराशर, विक्रांत रावत, हरेन्द्र प्रताप, जगभान सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

### बिगड़े ऑपरेशन से खराब पांव को सुधारकर किया कमाल

# ऑर्थो सर्जन डॉ. आकाश खैरा ने बचाया युवक का पांव

**ललितपुर।** एक युवक के दायें पैर की हडडी का ऑपरेशन झांसी मेडिकल कॉलेज में हुआ था, परन्तु उसके पैर से इतना मवाद आने लगा कि उसका चलना फिरना जीना मुश्किल हो गया। उस मरीज का इलाज करने से मेडीकल कॉलेज के चिकित्सकों ने मना कर दिया।

कई जगह से निराश मरीज को आखिर डा.आकाश खैरा ने दोबारा पैर ठीक कर नयी जिंदगी दी है। 20 साल के तालबेहट के धीरेन्द्र सेन पुत्र विनोद सेन के पैर में फैक्चर हुआ था जिसका ऑपरेशन कई महीने पहले झाँसी मेडिकल कॉलेज में किया गया था। परन्तु वह चलने फिरने लायक नहीं हो सका। मरीज के पैर से भारी मात्रा में मवाद निकलने लगा उसकी हालत खराब होती गयी। उसने जब दोबारा झांसी जाकर दिखाया तो चिकित्सकों ने उसे इलाज से मना कर दिया। निराश होकर कई जगह जाने के बाद मरीज को डा.आकाश खैरा की जानकारी हुयी तो उन्होंने परीक्षण कर दो शिफ्टों में ऑपरेशन कर मरीज को ठीक करने की प्लानिंग की। पहले ऑपरेशन मे मरीज के पैर की टीबिया हडडी में पहले से पड़ी संक्रमित रॉड को निकालकर




उसके स्थान पर एक विशेष तकनीकि से अत्याधुनिक जानकारी के साथ हस्त निर्मित एण्टीबायटिक रॉड डालना तय किया गया। जिससे संक्रमण रोका जा सके। बाद में हडडी का संक्रमण दूर हो जाने पर रॉड को स्टील रॉड में बदलकर मरीज को चलने फिरने लायक बनाना था। तीन माह के अंतराल में डा.खैरा ने यह दौनों सफल ऑपरेशन कर ललितपुर के अस्थि रोग चिकित्सा जगत में नयी मिसाल कायम कर दी। इस दौरान मरीज के पैर से भारी मात्रा में मवाद को निकाल कर विसंक्रमित किया गया। अब मरीज खुश है और पूरी तरह ठीक हो गया है। वह डा.खैरा को साधुवाद दे रहा है। इस ऑपरेशन के दौरान निश्चेतना विशेषज्ञ डा.खेमचंद्र वर्मा, ओमकरन सिंह गौर, पवन प्रजापति, रोहित राजपूत, जयदेव श्रीवास, सुषमा सेन, वर्षा यादव, वृगभान सिंह कुशवाहा आदि का सहयोग रहा।

### इनका कहना है

पहले तो मैंने बेटे के ठीक होने की उम्मीद ही छोड़ दी थी, पर डा.आकाश खैरा के इलाज से मेरा बेटा अब पूरी तरह सामान्य तरीके से चलने लगा है। यह इलाज हमारे परिवार में अत्यंत खुशियां लेकर आया है।

**विनोद कुमार सेन**, मरीज के पिता, निवासी तालबेहट।

ब्यावरा की 8 बस्तियों में एक साथ हिंदू सम्मेलन संपन्न

# संघ शताब्दी वर्ष पर समाज से पंच परिवर्तन का आह्वान






हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को ब्यावर नगर में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। नगर की 8 प्रमुख बस्तियों में एक ही दिन और एक ही समय पर 8 अलग-अलग स्थानों पर भव्य हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया गया। इन सम्मेलनों में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों, साधु-संतों और प्रमुख वक्ताओं ने संघ की सौ वर्षों की राष्ट्रसेवा यात्रा, संगठन पद्धति तथा समाज परिवर्तन के लिए "पंच परिवर्तन" विषय पर मार्गदर्शन दिया।

### विरोधी भी करने लगे स्वयंसेवक संघ की सराहना

महाराणा प्रताप बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन को भारतीय किसान संघ के प्रांत संगठन मंत्री भारत पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा अनुशासन, अध्ययन और सेवा आधारित रही है। संघ की कार्यपद्धति को देखकर आज उसके विरोधी भी उसकी सराहना करने लगे हैं। संघ के खिलाफ नकारात्मक वातावरण बनाने वाले तत्व आज संगठन की मजबूती और विचारधारा के सामने पस्त हो चुके हैं। उन्होंने समाज में समरसता लाने के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता बताई।

### अन्य वक्ताओं ने भी रखे अपने विचार

सुभाष बस्ती में क्षेत्र व्यवस्था प्रमुख सुरेश जैन मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने संघ के सौ वर्ष के इतिहास और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान पर प्रकाश डाला।

विश्वनाथ बस्ती में प्रमोद पवार ने हिंदुत्व और पंच परिवर्तन पर विचार रखे। वाल्मीकि बस्ती में विभाग कार्यवाह धर्मेंद्र शर्मा ने समाज परिवर्तन में नागरिकों की भूमिका पर जोर दिया। वृंदावन बस्ती में प्रांत सह व्यवस्था प्रमुख रामवीर कौरव ने कहा कि देश एक घर के समान है और जातियाँ उसके कक्ष हैं, जब तक देश सुरक्षित है तभी समाज सुरक्षित रह सकता है। बालाजी बस्ती में प्रांत समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, बिहारीजी बस्ती में सेवा भारती संगठन मंत्री रामेंद्र सिंह तथा अंजनीलाल बस्ती में मजदूर संघ के संगठन मंत्री निरंजन कुमार ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलनों के पूर्व सभी बस्तियों से चल समारोह एवं कलश यात्राएं निकाली गईं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। हिंदू सम्मेलन के चलते ब्यावरा नगर में पूर्ण धार्मिक वातावरण बना रहा। बाजार स्वेच्छा से बंद रहे और नागरिकों ने बड़ी संख्या में सम्मेलनों में सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया।

विभिन्न संख्याओं को कुछ सैकड़ में जोड़, घटा देता है यह होनहार

# रचा कीर्तिमानः मुदित का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज




हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

गणित की जिन संख्याओं को हम केलकुलेटर पर जोड़, घटा नहीं पाते उन्हें मूलतः राजगढ़ निवासी मुदित शर्मा कुछ सेकंड में मौखिक साल्व कर देता है। पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा के नाती एवं गुरुग्राम में डॉ. वसुधा शर्मा एवं नितिन शर्मा के पुत्र मुदित की इस गणितीय दक्षता पर उनका नाम भारत की प्रतिष्ठित संस्था इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने दर्ज किया है। विगत दिनों इस संस्था के एक पैनल के सम्मुख 7 वर्षीय मुदित ने तय 5 मिनट में दो अलग-अलग न्यूमरिक अंकों की 61 संख्याओं को मौखक रूप से जोड़कर बताया। पहले से दर्ज इस रिकार्ड को और कम समय में तोड़ने पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड ने पुष्टि करके मुदित का नाम, प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व मुदित गणित इंटरनेशनल ओलंपियाड और यूएसए बुक ऑफ रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करवा चुके हैं। अब इन रिकॉर्ड के आधार पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड के टेस्ट में भी उन्होंने अपना पंजीयन कराया है।

### गहन परीक्षण के बाद दर्ज होता है नाम

आपको बतादें कि भारत की प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड संस्था भारतीय विद्यार्थियों व होनहारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय रिकार्ड बनाने वालों के नाम सघन परीक्षण उपरान्त दर्ज कर उन्हें यह उपलब्धि प्रदान करती है। जिले का नाम रोशन करने वाले मुदित की इस उपलब्धि पर नागरिकों ने उन्हें शुभकामनाएं और बधाईयां प्रेषित की हैं।

# खेत में पानी फेरने गए युवक की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

ग्राम चिलडावनीया में दोपहर करीब 2 बजे चिलडावनीया निवासी हिमांशु पिता कैलाश नागर उम्र 18 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हिमांशु अपने घर के पीछे स्थित खेत पर पानी फेर रहा था उसी दौरान तार में कट लगे होने से पानी में करंट फेल गया। युवक करंट की चपेट में आ गया परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए शासकीय अस्पताल खुजनेर लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# एनएसयूआई छात्र संगठन राघौगढ़ ने एक पेड़ राष्ट्र के नाम पौधारोपण किया

**राघौगढ़।** शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ डिग्री कॉलेज परिसर में एनएसयूआई छात्र संगठन राघौगढ़ के द्वारा एक पेड़ राष्ट्र के नाम एवं एक पेड़ भविष्य के वृक्षारोपण किया गया। म. प्र पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के निर्देश अनुसार एवं एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे और जिला अध्यक्ष फलेषुराज सिंह सिसौदिया के नेतृत्व में किया गया। कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। जो सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लेता हैं कॉलेज छात्र अध्यक्ष प्रशांत मेर ने बताया कि वृक्ष लगाओ देश बचाओ को लेकर एनएसयूआई ने वृक्षारोपण अभियान चलाया हैं कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों को अपने घर के आस पास या बगीचे में पेड़ लगाने की सलाह भी दी । कॉलेज परिसर में अनेकों छात्र छात्राओं के द्वारा वृक्ष लगाए गए । कॉलेज के छात्रों ने पेड़ लगाने के साथ साथ उनकी



नियमित देखभाल का भी जिम्मा उठाया है इस कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ माया परस्ते जी के साथ समस्त कॉलेज स्टाफ ने भी वृक्ष लगाने में अहम सहयोग किया । जिसमें कॉलेज अध्यक्ष प्रशांत मेर, मोंटी कोरी, विशाल प्रजापति, माखन वघेल, सोहिल सेन, योगेश, नितेश, देवेंद्र, मोहनपाल, सेतु, पूर्व छात्र दीपू गुर्जर एवं कॉलेज के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# गो सम्मान आह्वान अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक बुधवार को

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला किशनगढ़ मोहल्ला में 14 जनवरी को सायं 4 बजे गो सम्मान आह्वान अभियान के निमित्त जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में गोमाता के सम्मान और गोहत्या पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर केंद्र सरकार से कानून बनाने की अपील तथा संतों एवं गो सेवकों द्वारा सत्संग और गो रक्षा से जुड़ी चर्चाएँ की जाएँगी। बैठक में गोभक्तों से आह्वान किया कि अधिकाधिक संख्या में शामिल हों।

ज्ञातव्य हो कि भारत की 5000 से अधिक तहसीलों एवं 790 जिलों में भगवती गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए संतो एवं सनातनियों ने गो सम्मान अभियान चलाया है जिसमें गो माता को सम्मान दिलाने की मांग की जाएगी। गो सम्मान आह्वान अभियान किसी संस्था, संगठन या राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं, बल्कि गोमाता के प्रधान संरक्षण और नंदी बाबा की अध्यक्षता में संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाना, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करवाना, गो संवर्धन उनके संरक्षण के लिए ठोस सरकारी नीतियां बनवाना एवं गो रक्षा के लिए केन्द्रीय कानून बनाया जाए। गोहत्या और गोतस्करी में लिप्त अपराधियों को आजीवन कारावास का प्रावधान के साथ जब्त किए गए वाहनों को गोशालाओं के उपयोग में लाया जाए। इसके साथ ही गोबर और गोमूत्र पर आधारित अनुसंधान विश्वविद्यालय स्थापित किए जाएं, पंचगव्य औषधियों का आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में निरूशुल्क वितरण किया जाए तथा सरकारी भवनों में गोबर पेंट और गोनाइल का उपयोग अनिवार्य किया जाए।

# अब गुरुकुल पब्लिक स्कूल के पीछे मिला अवैध लकड़ी का जखीरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनवास

गुरुकूल पब्लिक हाई सेकंडरी स्कूल के पीछे चार से पांच ट्रॉली के लगभग अवैध लकड़ी पहाड़ी पर पड़ी मिली। क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई और लकड़ी के परिवहन अब चिंता का विषय बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिना परमिशन के हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है और लकड़ी को ट्रॉलियां की मदद से लखनवास पहाड़ी पर स्टोक किया जाता है। रात के अंधेरे में लकड़ी को ट्रैक में भरके बहार भेज देते हैं। किसी भी समय मार्ग पर ट्रॉली दौड़ती नजर आती है। हर जगह दिनधड़े लकड़ी ढोते ट्रैक्टर ट्रॉली ऐसे गुजरती हैं। लकड़ी से भरी ट्रॉलियां सुबह-शाम खुलेआम दौड़ रही है। आखिर वन विभाग को क्यो दिखाई नहीं दे रही। लकड़ी से भरी ट्रॉली या वन विभाग ट्रैक्टर ट्रॉली की परमिशन की जांच करना भुल गए। वन विभाग की खामोशी से लकड़ी माफिया बेखौफ पेड़ों की कटाई भारी मात्रा में कर ट्रैक्टर ट्राली सड़कों पर खुलेआम दौड़ती है या देखकर भी अनदेखा किय जा रहा है? बड़ा प्रश्न यह है क्या वन विभाग पेड़ों की कटाई का यह खुला खेल ऐसे ही देखते रहेंगे लखनवास पटवारी कमल यादव को 4 दिन से लगातार अवगत कराने के बाद भी लकड़ी का पता नहीं लगा पाए कि ये लकडी कहा से काट लाए ओर परमिशन है या नहीं ओर नही कोई सन्तुष्ट जवाब दे पाए।

# देवनारायण जन्मोत्सव को लेकर बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ माचलपुर

नगर के लोधा मोहल्ला स्थित देवनारायण मंदिर पड़ापड़ के देवरा में भगवान देवनारायण जन्मोत्सव जो 25 जनवरी को है लेकर देवनारायण नवयुवक समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जन्मोत्सव को लेकर सभी समाजजनों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। जन्मोत्सव पर एक विशाल चल समारोह नगर में



निकाला जाएगा। साथ ही समाज को नशे से मुक्ति हेतु अभियान चलाने की बात भी बैठक में की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष बालूसीह कार्यकारी अध्यक्ष देवसिंह इंदरसिंह सचिव डूंगरी कालूसिंह मल्हारपुरा, अर्जुनसिंह भारूगढ़, बालचंद अध्यापक, इंदर सिंह लिंबोदा घनश्याम गुर्जर माचलपुर, हेमराज कचनारिया, सुरेंद्र चाड माचलपुर, प्रेमनारायण कुंडालियां, अर्जुन कुंडालियां, मानसिंह गोवर्धन सिंह कालिकाबे जुझार सिंह जेतपुरा मागीलाल सुलीपुरा एवं नारायण पांडा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

# शहर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित हजारों नागरिकों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर के स्टेडियम ग्राउंड में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम एवं भारत माता के चित्र पर पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सम्मेलन की मुख्य वक्ता साध्वी सरस्वती ने उद्बोधन में हिन्दू समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने जाति-पात के भेद से ऊपर उठकर हिन्दू संस्कृति से जुड़े रहने, संस्कृति से विमुख न होने तथा अन्य विधर्मियों द्वारा फैलाए जा रहे षड्यंत्रों के प्रति सतर्क रहने की बात कही। वहीं विभाग प्रचारक धर्मेंद्र बघेल ने संघ के पंच सूत्रों को जीवन में आत्मसात करने पर जोर दिया।

# मंत्री टेटवाल ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की दिशा में एक पहल की शुरुआत की गई है। इसी क्रम में गुरुवार को सारंगपुर में कृषक रथ अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों एवं केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी किसानों तक सीधे उनके गांव और खेत तक पहुंचाना है।

कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री एवं सारंगपुर विधायक डॉ. गौतम टेटवाल ने कृषक रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषक रथ अभियान किसानों को वैज्ञानिक खेती की ओर प्रेरित करने और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। वहीं टेटवाल ने कहा कि किसानों को मिलेगा वैज्ञानिक मार्गदर्शन कृषक रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, संतुलित उर्वरक उपयोग, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, पराली प्रबंधन, उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों तथा ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की कृषि हितैषी योजनाओं का लाभ लेने की विधि भी समझाई जाएगी।

### चाचौड़ा में कृषि रथ का शुभारंभ, किसानों को दी जा रही विभागीय योजनाओं की जानकारी

चाचौड़ा। चाचौड़ा कृषि विभाग कार्यालय से रविवार को कृषि रथ का शुभारंभ किया गया। कृषि रथ को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रद्युम्न मीना एवं सीताराम गुर्जर, कृषि स्थायी समिति के सभापति हल्कूराम सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस अवसर पर कृषि विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें रामदास सिलावट चाचौड़ा, अरविंद तवर, पवन, कार्तिक, पप्पू मंडलोई, कमलेश मालकर, बीमा प्रतिनिधि योगेश एवं सोनू कोहली शामिल रहे। कृषि रथ को कृषि विभाग कार्यालय से रवाना कर ग्राम पंचायत आमसेर, ग्राम पंचायत कुंडल्या एवं ग्राम पंचायत मुरेला भेजा गया।

# कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी गुना के तत्वावधान में शास्त्री पार्क गुना में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई । समस्त कांग्रेस जनों ने पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि आर्पित की गई दो मीनिट का मौन धारण किया गया । कांग्रेस कमेटी जिला गुना के पूर्व अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, हरिशंकर विजयीवर्गीय एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण भार्गव ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल



बहादुर शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर कांग्रेस के निम जन उपस्थित थे । जिसमें राजेन्द्र तिवारी,पंकज कनेरिया, ओमप्रकाश शर्मा, रामप्रकाश चौधरी,माधो महाराज रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष 1 गुना, हलीम गाजी ब्लॉक अध्यक्ष 2 गुना,राजू जाटव पार्षद, तरुण सेन पार्षद, रहीस खान पार्षद,कैलाश यादव, इकरार बल्ला, प्रमोद रघुवंशी, बृजेश भार्गव, असीम भटनागर, सहदेव बाल्मीकि, अकबर खान, कमलेश कुशवाह, अशोक जाटव, मोहित शर्मा, करण जाटव, दुर्गेश ओझा, रवि राजपूत,मंगल सिंह सेलर, सोहिल खान, बाबू लाल बंजारा,आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र तिवारी ने आभार ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह कुशवाह ने किया।

पुलिस अधीक्षक के सशक्त नेतृत्व में पुलिस का व्यापक कॉम्बिंग गस्त अभियान

# कॉम्बिंग गस्त में लंबे समय से फरार 51 वारंटी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त नेतृत्व एवं रणनीतिक मार्गदर्शन में गुना पुलिस द्वारा जिले में लगातार अपराधियों पर सख्त शिकंजा कसा जा रहा है। जिले में अपराधों पर नियंत्रण हेतु विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर बदमाशों, इनामी आरोपियों एवं अन्य आपराधिक तत्वों पर निरंतर कार्रवाई की जा रही हैं।

साथ ही समय-समय पर जिले में कॉम्बिंग गस्त कर फरार आरोपियों, वारंटियों, जिला बदर बदमाशों, गुंडा, हिस्ट्रीशीटर्स बदमाशों आदि की सघन चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में गत रात्रि में जिलेभर में पुलिस द्वारा एक साथ और एक समय में कॉम्बिंग गस्त अभियान संचालित किया गया। इससे पूर्व सभी सभी पुलिस टीमों को संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देकर कॉम्बिंग गश्त के लिए क्षेत्रवार रवाना हुए। गुना पुलिस की इस कॉम्बिंग गस्त के दौरान पुलिस टीमों के द्वारा अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में सघन भ्रमण करते हुए गुंडा-बदमाश, हिस्ट्रीशीटर, जिला बदर अपराधियों, स्थाई, गिरफ्तारी वारंटियों, इनामी आरोपियों सहित विभिन्न अपराधों



में फरार चल रहे आरोपियों की गहन तलाश की गई, जिसमें पुलिस के हाथ कई सफलतायें लगीं हैं, इस दौरान न्यायालयों से विभिन्न प्रकरणों में जारी वारंटों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 51 वारंटियों (18 स्थाई एवं 33 गिरफ्तारी) को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है।

**इनमें थाना-वार उपलब्धियां इस प्रकार रहीं** :-1. गुना कोतवाली : 07 स्थाई, 06 गिरफ्तारी, कैंट थाना : 03 स्थाई, 08 गिरफ्तारी, बजरंगढ़ थाना : 02 गिरफ्तारी, म्याना थाना : 04 गिरफ्तारी, बमौरी थाना : 03 गिरफ्तारी, फतेहगढ़ थाना : 03 गिरफ्तारी, सिरसी थाना : 01 गिरफ्तारी, राघौगढ़ थाना : 02 स्थाई, 03 गिरफ्तारी, आरोन थाना : 02 गिरफ्तारी, चांचौड़ा थाना : 05 स्थाई11. कुम्भराज थाना : 01 स्थाई,. मृगवास थाना : 01 गिरफ्तारी

इस दौरान जिले भर के सभी थाना क्षेत्रों से गस्त टीमों के द्वारा जिला बदर अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर्स व गुंडा-बदमाशों तथा अन्य अपराधों में फरार चल रहे आरोपियों आदि को भी गहनता से चैक किया गया, जिससे अपराध नियंत्रण की दिशा में मजवूत परिणाम प्राप्त हुए।

गुना पुलिस का जिले में अपराधियों के विरूद्ध यह अभियान भविष्य में भी इसी कठोरता और निरंतरता के साथ जारी रहेगा। कानून और शांति व्यवस्था को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार की रियायत नहीं बरती जाएगी। अतएव कानून का पालन करें, गुना पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।